7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण : उत्तर प्रदेश : उत्तराखंड : हिमाचल : जम्मू-कश्मीर : दिल्ली : हरियाणा : पंजाब : चंडीगढ़

अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 17 अक्तूबर 2016

amarujala.com



इन्सपायर इन्टर्नशिप
राममूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी बरेली में इन्सपायर इन्टर्नशिप-2016 के चौथे दिन भी जुटेंगे विशेषज्ञ।

न्यूट्रान-इलेक्ट्रान की विशेषताएं बताईं

इन्सपायर इन्टर्नशिप 2016 का तीसरा दिन

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली।

राममूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी बरेली में पांच दिवसीय इन्सपायर इन्टर्नशिप-2016 के तीसरे दिन मुख्य अतिथि डीबीएस कालेज कानपुर के डा0 संजय कुमार शर्मा रहे। इन्होंने भौतिक विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से छात्रों को प्रोट्रान, न्युट्रान, इलेक्ट्रान, एटम एवं न्यूटन के विभिन्न नियमों का विश्लेषण किया। उन्होंने गुरुत्वाकर्षण बल, गुरुत्व केंद्र एवं तरंगों की उत्पत्ति के बारे में बताया। ऐसे भौतिक विज्ञान से संबंधित प्रयोगों को भी समझाया जो हम घर पर भी आसानी से कर सकते है। गुड़ मार्निंग का अर्थ हर उम्र में अलग-अलग तरीके से होने की जानकारी दी। आज के द्वितीय वक्ता आईटीआई कानपुर के प्रो0 एस0के0 डोगरा थे। जिन्होंने छात्रों को अंतर आणुविक बल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इन्होंने बताया कि आप जो कर रहे हैं उसे करने का आपका क्या उद्देश्य है।